## कमलनाथ आज आएंगे तीन दिवसीय प्रवास पर



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ शनिवार को छिंदवाड़ा आएंगे। दोनों चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। ध्यान रहे 18 नवंबर को कमलनाथ का जन्मदिन है। कमलनाथ दोपहर 1:30 बजे विशेष वायुयान से छिंदवाड़ा आएंगे। नकुलनाथ शाम को छिंदवाड़ा पहुंचेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार 17 नवम्बर को कमलनाथ का दोपहर 12 बजे जिला न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ के शपथ गृहण समारोह में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होंगे। 18 नवम्बर को कमलनाथ व नकुलनाथ सुबह सिद्ध सिमरिया हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद राजीव भवन में आयोजित अपने जन्मदिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे शिकारपुर निवास पर आगंतुकों से भेंट करेंगे। इसी दिन रात 7:30 बजे स्थानीय दशहरा मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन में भी वे उपस्थित रहेंगे। 19 नवम्बर को कमलनाथ और नकुलनाथ छिंदवाड़ा से प्रस्थान करेंगे।



### होगी सवधर्म सभा, कमलनाथ के जन्मदिन पर कांग्रेस का आयोजन

कमलनाथ के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कमेटी 18 नवंबर को अनेक आयोजन करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होनें बताया कि सुबह शहर कांग्रेस कमेटी अपने नेता के दीर्घायु होने की कामना के लिए अनगढ़ हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करेगी। उसके बाद अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। इसी समय जरूरतमंदों को कपड़े बांटे जाएंगे। तदुपरांत छोटी बाजार स्थित बड़ी माता मंदिर और श्रीराम मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद गोधुली वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया जाएगा। जिला कांग्रेस भवन में कमलनाथ की उपस्थिति में केक काटा जाएगा। यहां सर्वधर्म सभा भी आयोजित की गई है। कांग्रेस भवन में आम लोगों को भोजन कराया जाएगा। 18 नवंबर की शाम को दशहरा मैदान में कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है। इसमें डॉ. कुमार विश्वास के साथ अन्य प्रतिष्ठित कवि श्रोताओं के बीच प्रस्तुति देंगे।

### 28 साल बाद छिंदवाड़ा में जन्मदिन मनाएंगे कमलनाथ

कमलनाथ छिंदवाड़ा में 28 साल बाद अपना जन्मदिन मनाने आ रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता उत्साहित है। वरिष्ठ नेता गंगाप्रसाद तिवारी ने बताया कि कमलनाथ अपने 50 वें जन्मदिवस पर छिंदवाड़ा आए थे। उस समय दशहरा मैदान पर भव्य आयोजन हुआ था। 28 साल बाद अब कमलनाथ अपना 78 वां जन्मदिन मनाने छिंदवाड़ा में उपस्थित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेसनेताओं में अपने नेता की उपस्थिति को लेकर उत्साह है। शहर में जगह.जगह आयोजन रखे गए हैं। इसी के साथ ब्लाक स्तर पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रमों की तैयारी शुरू कर दी है।

## कृषि विभाग ने लगाई जनजातीय ग्राम उत्कर्ष की प्रदर्शनी





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दिनांक 15 नवंबर 2024 को जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान मेगा इवेंट का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान पोला ग्राउंड छिंदवाडा में किया गया, जिसमें विभाग के माध्यम से जिले के उत्कृष्ट प्राकृतिक/जैविक खेती एवं मिलेट्स (श्रीअन्न) वाले किसानों के उत्पादों का जीवांत प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी का अवलोकन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद छिंदवाडा विवेक बंटी साहू, महापौर विक्रम अहाके, विधायक अमरवाड़ा कमलेश प्रताप शाह, भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश आंगरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ साथ जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं जिला अधिकारियो द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया है एवं किसानों द्वारा प्रदर्शनी मे लाये गये उत्पादों की सराहना की गई। जनप्रतिनिधियो ने वनपट्टाधारी किसानो को मसूर सरसों के बीजों के मिनी किट एव स्प्रिंकलर के स्वीकृत पत्र वितरित किये गये

## सार-समाचार

### सीमांकन के नाम पर कब्जा करने बंदूक लेकर पहुंचे समूह में लोग

**मोहखेड़, देशबन्धु।** अचानक कुछ बंदूकधारी सीमांकन के नाम पर कब्जा करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि मामला 2 दिन पूर्व मोहखेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मऊ मोहखेड़ का है जहां पर सीमांकन के नाम पर कब्जा करने छिंदवाड़ा से गुंडा प्रवृत्ति के लोग 20 से 25 गाड़ी लेकर एवं बड़ी तादाद में 100 से 150 लोग के साथ ग्राम मऊ पहुंचे थे।

राधेश्याम साहू ने बताया कि उनका बेटा खेत में ट्रैक्टर चला रहा था तभी अचानक कुछ लोग वहां पहुंचे और उनके बेटे जय साहू को डराने धमकाने लगे एवं बंदूक दिखाने लगे इसकी सूचना जय साहू ने अपने पिताजी को दी तब वहां सभी ग्रामीण को उन्होंने सूचना देकर वहां बुलाया सभी ग्रामीण इस घटना से बड़े दुखित और आहत है ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन भी सोपे है कि इतनी बड़ी वारदात हमारे क्षेत्र में पहली बार हुई है ऐसी घटना आगे ना हो और उन गुंडा प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देते हुए ग्रामीणों ने गुंडा प्रवृत्ति के लोगों पर बड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### इलाज के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री से दिलाई 40 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के उमरेठ के वार्ड क्रमांक 19 निवासी दीपक पवार पिता धनलाल पवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वेच्छानुदान मद से 40000 की आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है। और मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने सांसद से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की थी। सांसद के प्रयासों से मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए राशि स्वीकृत की है।

### सांसद के प्रयासों से 15.12 करोड़ के निर्माण कार्यों की मिली स्वीकृति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू एवं विधायक कमलेश शाह के प्रयासों से अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत हर्रई की ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के अंतर्गत 15 करोड़ 12 लाख रुपए के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग भोपाल द्वारा इसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान भी कर दी गई है अब इन पंचायत में सड़क निर्माण के साथ स्टॉपडेम, पुल पुलिया निर्माण, बाउंड्रीवॉल जैसे अन्य निर्माण कार्य किए जा सकेंगे।

सांसद बंटी विवेक साहू लगातार जिले के विकास के लिए प्रयासरत हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और मंत्रियों से मिलकर विकास को लेकर चर्चा करते रहे हैं। जिसका परिणाम है कि 15 करोड़ 12 लाख के निर्माण कार्यों की सौगात मिली है।

### गुरुनानकदेव जी की जयंती पर धर्म सभा का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को गुरुनानक देव जी की जयंती पर समन्वय परिवार द्वारा सर्व धर्म सभा आयोजित कर गुरु नानक देव का स्मरण किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्व धर्म संभाव एकता स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सुनील चौहान द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत किया गया।

स्वागत भाषण सच्चिदानंद आश्रम के प्रमुख फादर एंटो द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में हरिप्रीत कोर ने नानक देव के जन्म से लेकर उनके द्वारा दिए गए उपदेश का पालन करने की बात कही। अपने उद्बोधन में चावरा विद्यापीठ के फादर शेफर्ड ने गुरु नानक जी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

अजय तुलसी ने कहा कि नानक देव जी को विश्व के महान संत बताया। हेमवीर साहनी, एडवोकेट तराना खान, सीमा जेन, सहित सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्बोधित किया।


समन्वय परिवार के अध्यक्ष सुधीर सिंघई,, सरदार जनरल सिंह, काकेभाई, सुबोध शर्मा एसके चतुर्वेदी सहित सभी धर्म के नागरिक उपस्थित रहे। सुधीर दुबे एवं कामिनी दुबे द्वारा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया। चावरा विद्यापीठ के बच्चों द्वारा नानक देव जी के चरित्र पर नाटिका प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम का संचालन अतुल मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन शांति एक्का द्वारा किया गया।

## जायोन संस्था ने मल्टी सोनपुर आवास परिसर में मनाया बाल दिवस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आवास कॉलोनी मल्टी सोनपुर में जायोन इंग्लिश मीडियम प्ले स्कूल में बाल दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष में बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया बच्चों को बाल दिवस के विषय में शिक्षा दी गई, अलग-अलग तरीके से बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया राइटिंग कंपटीशन ड्राइंग कंपटीशन और बनाई नेहरू जी की ड्राइंग गीत संगीता और नृत्य में बच्चों ने उत्साह के साथ-साथभागी हुई बच्चों को पुरस्कार बांटा गया इस तरीके से बाल दिवस मनाया गया अनुपस्थित थे जायोन इंग्लिश मीडियम प्ले स्कूल की संस्थापिका शीतल हरपाल, डॉक्टर किरण विश्वकर्मा, जायोन इंग्लिश मीडियम स्कूल का स्टाफ रवि हरपाल सियोन हरपाल उपस्थित थे।

## हमारे देश के गौरव हैं धरती बाबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर योद्धा व अंग्रेजी हुकूमत की भारत में जड़ें हिलाने वाले धरती बाबा वीर बिरसा मुंडा जी के जयंती दिवस पर स्थानीय राजीव भवन में जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज के गौरव वीर बिरसा मुंडा को हृदय से याद किया। कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि भारत मां की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों में भाजपा से कौन स्वतंत्रता सेनानी शामिल हुआ था, वह केवल एक नाम बता दें, उनके पास बताने के लिए एक भी नाम नहीं है, इसीलिए आज भारतीय जनता पार्टी ऐसे वीर योद्धा बिरसा मुंडा जी जिन्होंने अपना स्वतंत्र भारत मां की आजादी के लिए न्योछावर कर दिया उनके नाम पर बड़े-बड़े आयोजन कर रही है।

## बादल भोई आदिवासी संग्रहालय का लोकार्पण दशहरा मैदान में मनाया गया गौरव दिवस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन जिले के पोला ग्राउंड में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा देश और समाज के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को श्रध्दासुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार के जमुई से जिले में स्थित नवनिर्मित श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का वर्चुअली लोकार्पण किया गया। यह संग्रहालय उन वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया।

महापौर विक्रम अहके ने इस अवसर को गौरवशाली पल बताया और कहा कि श्री बादल भोई जनजातीय संग्रहालय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने बिना किसी प्रकार के संचार साधनों के बावजूद लोगों का आत्मबल जगाया और उन्हें अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने देश के लिए जो संघर्ष किए उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदानों ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने आगे कहा कि श्री बादल भोई जनजातीय संग्रहालय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। इसके माध्यम से हम उनके संघर्षों को सम्मानपूर्वक स्मरण कर सकते हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि शासन द्वारा आदिवासी समाज के लोगों के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने इन योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समाज के विकास और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा श्री बादल भोई जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण गर्व की बात है। यह संग्रहालय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

विधायक शाह ने भगवान बिरसा मुंडा और अन्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि इन महानायकों ने अपने समाज के अधिकारों और स्वाभिमान के लिए जो लड़ाई लड़ी वह हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

सांसद विवेक बंटी साहू ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा और अन्य आदिवासी सेनानियों ने अपने स्वाभिमान और देश के लिए जो संघर्ष किएए वे हमारे लिए अमूल्य धरोहर हैं। उनका त्याग और बलिदान हमें सिखाता है कि अपने अधिकारों के लिए कैसे खड़ा होना चाहिए।

सांसद ने यह भी कहा कि सरकार आदिवासी समाज के कल्याण और उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों को विकास और उन्नति के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। श्री बादल भोई जनजातीय संग्रहालय उन बलिदानों की याद दिलाने और उनकी विरासत को संरक्षित करने का एक महान प्रयास है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअली लोकार्पण



आयोजन में आदिवासी संस्कृति को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से आदिवासी जीवनशैली और परंपराओं को दर्शाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांसद श्री साहू, महापौर श्री अहके व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों के साथ सहभागिता की गई और उनका उत्साहवर्धन किया गया।

आदिवासी समुदाय के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कई लाभार्थियों को चेक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गएए जो उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार लाने में सहायक होंगे।

जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत एक भव्य मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न विभागों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई और प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी।

सांसद विवेक बंटी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बादल भोई जनजातीय संग्रहालय का निरीक्षण किया। संग्रहालय में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की संघर्षपूर्ण कहानियों को दिखाया गया है। कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य शेषराव यादव, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे व नथन शाह कवरेती, मप्र भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश कुमार अंगारिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कांता ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसपी मनीष खत्री, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एचजीएसपक्षवार, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सतेन्द्र सिंह मरकाम सहित अन्य अधिकारी, पत्रकारगण व नागरिक उपस्थित थे।

## विजय साइडिंग में तीन दिन से खड़े कोयले से भरे डम्पर

**परासिया, देशबन्धु।** पेंच एरिया में इन दिनों कोयले की तस्करी बड़े पैमाने पर चल रही है। बिना अधिकारियों की मिली भगत से इस व्यापार को कर पाना संभव हो ही नहीं सकता मगर रूपयो के आगे सब नतमस्तक हैं। पेंच एरिया की विजी साइडिंग मे छिदां ओपन कास्ट से डंपरों में भर कर आने वाला कोयला ट्रांसपोर्टर के माध्यम से विजी साइडिंग आता है।

वहां से रेलवे रैक के माध्यम से जहां भेजना रहता है वहां वेकोली द्वारा भेजा जाता है छिंदा ओपन कास्ट मे कोयले का कांटा होता है फिर डंपर खाली होने के पहले विजी सायडिंग में कांटा होता है।

ज्ञात हो कि सी ए.आई.ए.एस. ए.एफ. ने सात डंपरों को कोयले मे वजन कम होना पाया जाने से डंपर 3 दिनों से विजी सायडिंग में भर खड़े हैं। ज्ञात हो कि कोयला एक क्विंटल तक छूट रहती है मगर सेल्स ऑफिसर ने 5 क्विंटल आधा टन तक की छूट दे रखी है जिसकी संबंधित अधिकारियों को चिट्ठी भी लिखी है।

मजे की बात तो यह है कि यह कि यह आधा टन कोयला रास्ते से कहां गायब हो जाता है। जबकि दिन में यह कोयला पूरे वज़न का आता है अंधेरे में यह सिलसिला काफी लंबे समय से चल रहा है सूत्रों ने बताया कि कोल माफिया को सीधा लाभ पहुंचाने एवं इसके बदले में सेवा शुल्क अधिकारियों को कोल माफिया से मिलता है का आरोप लगाया गया है।

### ज्ञापन दिया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस के नेतृत्व में किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर ऑफिस नरसिंहपुर मे राज्यपाल के नाम मांग पत्र दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि किसान खाद को लेकर बहुत परेशान हैं। उन्हें अविलंब खाद उपलब्ध कराई जाए।

# पेच नेशनल पार्क में पर्यावरण हितैषियों ने लिया मल्टी मीडिया क्विज में भाग



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मोगली बाल उत्सव 2024 का आयोजन पेंच राष्ट्रीय उद्यान सिवनी में दिनांक 11 से 13 नवंबर के मध्य स्कूल शिक्षा विभाग एवम पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी संस्थाओ के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पर्यावरण नियोजन समन्वयक संगठन, एप्को, पर्यावरण विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए मल्टी मीडिया पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता एवं मिशन लाइफ आधारित लघु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, आयोजन के प्रथम दिवस 11 नवंबर को कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की लिखित परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें सभी वर्गों से प्रथम पांच जिलों के दो.दो प्रतिभागियों का चयन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 12 नवंबर को चयनित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थी से पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव, पेंच राष्ट्रीय उद्यान, जलवायु परिवर्तन, ओजोन संरक्षण, मिशन लाइफ एवं प्रदूषण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर रोचक प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। तीनों वर्गों के लिए अलग-अलग क्विज की गई जिसमें प्रथम चरण में सीधे प्रश्न, द्वितीय चरण में हां या नाए तृतीय चरण में बहुविकल्पीय प्रश्न एवं चतुर्थ चरण में दृश्य दिखाकर प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा

कनिष्ठ वर्ग- विद्यार्थी प्रथम स्थान पर स्वास्तिक मौर्य एवं सीता सोनी जिला कटनी द्वितीय स्थान पर अभिनव सिंह भदोरिया एवं सिया पाराशर जिला भिंड, तृतीय स्थान पर आदित्यराज शर्मा एवं महक मालवीय, जिला सीहोर सांत्वना नैवेद्य खमरिया एवं कनक जादौन, मुरैना सांत्वना- अभिषेक कुशवाहा एवं एकता कुशवाहा, मैहर वरिष्ठ वर्ग विद्यार्थी में प्रथम स्थान पर सोनी सोनू खान एवं चेतना गुप्ता आदि रहे।

# जैन समाज ने मनाया अष्टाहिका महापर्व श्री पाश्वनाथ जिनालय में हुआ आयोजन





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्तिक शुक्ल अष्टमी से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा तक सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक आठ दिवसीय अष्टांहिका महापर्व मनाया।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि इस प्रसंग पर नई आबादी गांधी गंज स्थित स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में सामूहिक रूप से श्री देव-शास्त्र-गुरु भगवंतों के साथ श्री नंदीश्वर दीप पूजन कर श्री अष्टपाहुड़ विधान कर आचार्य कुंदकुंद देव द्वारा रचित श्री अष्टपाहुड़ ग्रंथराज का सार समझा ओर दिगंबर महामुनिराजों का गुणगान किया।

मंगल महोत्सव में प्रतिदिन बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन के मंगल प्रवचनों को सुनने का लाभ सकल समाज को मिला वहीं श्री जिनेन्द्र भक्ति सहित बच्चों की पाठशाला में जैन दर्शन के मुख्य सिद्धांतों का बीजारोपण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक जैन, सुरेंद्र जैन, सुबोध जैन, जिनेन्द्र जैन, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, पंकज जैन, सचिन जैन, विवेक जैन, आशीष कौशल, सिद्धांत जैन सहित मंडल एवं फेडरेशन के समस्त जिनशासन सेवकों का सहयोग प्राप्त हुआ। दीपकराज जैन ने सभी धार्मिकक बंधुओं को अष्टाहिंका पर्व की शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

## सार समाचार

### संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती खजरी चौक पर मनाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जय भीम सेना, जी.एस.यू. संगठन, ओ.बी.सी. महासभा के संयुक्त तत्वाधान में आज खजरी चौक (रानी दुर्गावती चौक) पर धरती आवा, सूर्य पुत्र भगवान बिरसा मुंडा के छात्राचित्र पर माल्यार्पण कर संगठन के लोगों के द्वारा उनके कार्यो को याद किया गया। जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ने वाले अंग्रेजो के खिलाफ संघर्षरत रहने वाले मानवतावादी बिरसा मुण्डा का जन्म 15 नवंबर 1875 को वर्तमान झारखण्ड राज्य के रांची जिले में उलिहातु गांव में हुआ था। उनकी माता का करमी हातू और पिता का नाम सुगना मुंडा था। उस समय भारत में अंग्रेजी शासन था। आदिवासियों को अपने इलाकों में किसी भी प्रकार का दखल मजूंर नहीं था यही कारण रहा है कि आदिवासी इलाके हमेशा स्वतंत्र रहे हैं। अंग्रेज भी शुरू में वहाँ जा नहीं पाये थे। बिरसा मुण्डा भारत के एक आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और लोकनायक थे। अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में उनकी ख्याति जगजाहिर थी।



सिर्फ 25 साल के जीवन में उन्होंने उन्होंने इतने मुकाम हासिल किये की हमारे इतिहास उनका सदैव ऋणी रहेगा और हम सभी सामाजिक संगठन के लोग उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मुख्य रूप से शिवम् पहाड़े, मिथुन धुर्वे, लोधी विपिन वर्मा, अतुल राजा उइके, प्रदीप जुल्मे, राजकुमार खड़से, शैलेन्द्र मर्सकोले, मदन बरखाने, पप्पू, कुंदन मंडराह, राजा गुन्हेरे, दिलीप डेहरिया, गगन भलावी, आशाराम वाडिवा, आर.डी. सल्लाम, सोनू पन्द्राम, संदीप उइके, महेन्द्र इवनाती, सूरज तुमड़ाम, रजक मरकाम, रोहन धुर्वे, रघुराज इवनाती, अमन मरकाम, दीपक सरेयाम, रामेन्द्र उईके, स्वप्निल इवनाती आदि समाज व संगठन के लोग उपस्थित थे।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने मनाई जननायक बिरसा मुंडा की जयंती



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय के शर्मा के संरक्षण में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंशाराम उईके, प्रो. महेंद्र साहू व महिला ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन में एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने मनायी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जिसमें स्वयंसेवकों ने जननायक बिरसा मुंडा के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया और सभी स्वयंसेवकों ने बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे साथ ही स्वयंसेवकों ने बताया कि किस प्रकार बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और बलिदान हमें प्रेरणा प्रदान करता है वे अपने जीवन के अंतिम क्षण तक अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते रहे कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक विशाल सलामे, संकल्प विश्वकर्मा, अमित बाराई, भूमिका धुर्वे, योगेश डेहारिया, अमित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन





# मोहखेड़ में भगवान खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर भजन संध्या आयोजित, लगाए 56 भोग

**मोहखेड़, देशबन्धु।** बाजार चौक मोहखेड में बुधवार को श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव अवसर पर भव्य भजन संध्या का विशाल आयोजन किया गया। इसी क्रम में बाजार चौक में भगवान श्री खाटू श्याम जी का भव्य दरबार लगाया गया सर्वप्रथम खाटू श्याम जी की विधिवत पूजा अर्चना की गई उपरांत बाबा का खजाना कार्यक्रम अंतर्गत विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका राजकुमारी गुप्ता रायपुर छत्तीसगढ़ एवं प्रसिद्ध भजन गायक छोटा राजपटिक नाम से विख्यात हर्ष शर्मा एवं साथी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भगवान श्री खाटू श्याम, भगवान श्री कृष्ण एवं अन्य धार्मिक गीतों का शानदार प्रस्तुतीकरण किया।

इस अवसर पर श्याम भक्त प्रस्तुत भजनों पर जमकर झूमे, नाचे उसी क्रम में भगवान श्री खाटू श्याम जी को छप्पन भोग विधिवत लगाए एवं सभी श्याम प्रेमियों पर इत्र वर्षा की गई भजन संध्या का आयोजन देर रात्रि तक चलते रहा जिसमें बड़ी संख्या में माताएं, बहने, बंधुगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान भव्यतम आतिशबाजी भी की गई। मोहखेड़ में आयोजन को सफल बनाने में खाटू श्याम सेवा समिति मोहखेड़ के समस्त श्याम प्रेमियों का योगदान प्रमुख रहा।

# बाल अधिकार और बाल सुरक्षा की एनएसएस व सीपी क्लब ने शपथ ली



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रो. स्मृति हाबिल एवं एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एन.एस.एस. के वरिष्ठ स्वयंसेवक आगाज़ इंटर्न चंचलेश वर्मा ने उपस्थित समाज के सभी लोग एवं छात्र छात्राओं को संकल्प दिलाया और उनसे अपील करते हुए कहा कि हम बच्चों के सभी अधिकारों का सम्मान करेंगे, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और खुशहाल जीवन का अधिकार और उन्हें अपने अधिकार मिल पाए इसका पूरा प्रयास करेंगे। हम बच्चों को काम करने या उनका शोषण करने की किसी भी कोशिश का विरोध करेंगे। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा किसी तरह के शोषण या हिंसा का शिकार न हो। हम बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में बच्चों को तुरंत और सही मदद मिले।

हम समाज के सभी लोग, यह संकल्प लेते हैं कि हम बच्चों के अधिकारों की रक्षा करेंगे और मिलकर बच्चों को सुरक्षित रखने की ज़िम्मेदारी निभाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी.पी. क्लब के सदस्य एवं एन.एस.एस. के स्वयंसेवक अमन वर्मा, अतुल मसराम का सहयोग रहा।

# डॉ. अम्बेडकर वाचनालय में महापरित्राण पाठ एवं धम्म देशना का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सुजाता महिला संघ एवं त्रिरत्न जनकल्याण समिति चंदनगॉव के तत्वाधान में वर्षावास समारोह के समापन अवसर पर महापरित्राण पाठ एवं धम्मदेषना का आयोजन चंदननगर स्थित डॉ. अम्बेड़कर वाचनालय में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर सुजाता महिला संघ एवं त्रिरत्न जनकल्याण समिति द्वारा भिक्खू संघ का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत कर आर्षीवाद प्राप्त किया गया।

भीक्षु संघ के पूज्य भदंत धम्मशिखर महाथेरो एवं भीक्षु संघ द्वारा वाचनालय भवन पर पंचशील ध्वजारोहण किया गया समतासैनिक दल जिला पी.आर.ओ. रमेश रंगारे, सहायक जी.ओ.सी. हीरामन सोमकुवर, शाखा अधिकारी शेषराव बागड़े, के साथ समता सैनिक दल के सैनिक उपासक, उपासिकाओं द्वारा जयभीम सलामी देकर सामुहिक बुद्ध वंदना करायी गयी। तद्उपरांत रैली चंदननगर बस स्टेंड होते हुए डॉ. अम्बेडकर तिराह पहुंची जहाँ डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर सर्वप्रथम पूज्य भदंत धम्मशिखर महाथेरो पूज्य भदंत अभयपुत्र महाथेरो, पूज्य भदंत देवानंद, पूज्य भदंत रेवत धम्मोजी, पूज्य भदंत कौण्डल्य, पूज्य भदंत वप्प, पूज्य भदंत धर्म सेनापति, पूज्य भदंत पच्चुपन्ना, पूज्य भदंत बुद्धशील, पूज्य भदंत देवानंद, पूज्य भदंत अमर ज्योति भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष एड्. रमेश लोखंडे, त्रिरत्न जनकल्याण समिति संरक्षक एस.आर. बेले, मनोहर नारवरे, डॉ. श्यामकुवर, भीमराव सोमकुवर, लक्ष्मीकांत पाटिल, मारोती गोलाईत, लेखराम पगारे, शंकर पगारे, प्रशांत गजभिये, सुजाता महिला संघ अध्यक्ष चन्द्रकला बेले, सचिव ममता सहारे, सह-सचिव सरोज गोलाईत, सुनीता निकोसे, शोभा बागड़े, ममता श्यामकुवर, वंदना सोमकुवर, हंसराज भुतांगे, सहित कई उपासक उपासिका एवं भीम सैनिकों द्वारा माल्यापर्ण किया गया।

# वरिष्ठ बहाली मंच ने सौपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज छिंदवाड़ा में वरिष्ठ बहाली मंच के नेतृत्व में मध्य प्रदेश शिक्षक अध्यापक संघ के द्वारा प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया एवं सेवानिवृत्ति और दिवंगत अध्यापक के परिवार के सदस्यों के द्वारा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ के लिए महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया।

इस ज्ञापन कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शिक्षक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजिक कुरेशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जूजंसजीर कादरी, सह सचिव राजेश डेहरिया, प्रदेश सचिव राजेश गौनेकर, जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा बसंत भलावी, हीरा लाल चौरे, जिला अध्यक्ष भाआप गुरु प्रसाद एवं प्रदीप नामदेव आदि शामिल रहे।

सेवानिवृत शिक्षक डी.पी. वर्मा, पूनाराम जंघेला एवं दिवंगत अध्यापक सेवकराम उइके के परिवार के सदस्य शामिल रहे।

# आदिवासी बच्चों को संसद भवन घुमाएंगे सांसद साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर दशहरा मैदान छिन्दवाडा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सी.एम. राईज विद्यालय, तामिया के छात्रों ने एक शानदार सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिये रखवाला के रूप में जनजाति समाज को प्रस्तुत किया। दस सदस्यीय दल के छात्र/छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उनकी कला एवं उत्साह को देखकर सांसद बंटी विवेक साहू ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत के संसद भवन दिखाने ले जाने का निर्णय लिया और घोषणा की। सी.एम. राईज विद्यालय तामिया के प्रतिभागी छात्र छात्राओं में जनजातीय गौरव दिवस के इस आयोजन में छात्रों ने आदिवासी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए अपने नृत्य और कला से दर्शकों को प्रभावित किया। सांसद बंटी विवेक साहू ने बच्चों के हुनर की सराहना की और उन्हें लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर प्रदान करने के लिए संसद भवन का दौरा कराने का निर्णय लिया। सी.एम. राईज विद्यालय, तामिया के इस दल का प्रतिनिधित्व छात्रों द्वारा किया गया तथा शाला शिक्षक नीलू भारती ने उन्हें प्रशिक्षित किया था। प्रतिभागी छात्र छात्राओं में रमेश भारती, विवेक भारती, साई मरकाम, अंकुश भारती, हर्षिता जोशी, आभ्या गोहिया